आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
सोमवार 04.08.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में हो रही बारिश को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों को अपनी पूरी टीम के साथ लगातार ग्राउंड ज़ीरो पर रहने के निर्देश दिए।
- राज्य के कई हिस्सों में रुक—रुक बारिश का दौर जारी। देहरादून, टिहरी, पौड़ी और बागेश्वर जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- नैनीताल जिले के हल्द्वानी, हल्दूचौड़ और लालकुआं क्षेत्र में ई—केवाईसी न कराने पर क्षेत्रीय खाद्य विभाग ने करीब 10 हजार राशन कार्ड निरस्त किए।
- महान विभूति स्वर्गीय सोबन सिंह जीना की 116वीं जयंती, अल्मोड़ा में समारोहपूर्वक मनाई गई।

**क्विज प्रतियोगिता**

आज़ादी का अमृत महोत्सव और उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार देहरादून ने एक क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। सबसे पहले उत्तर देने वाले श्रोता का नाम अगले दिन के समाचार बुलेटिन में घोषित किया जाएगा।

आज का प्रश्न है— प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज कहाँ फहराते हैं ?
श्रोता अपने प्रश्न का उत्तर ईमेल आईडी – rnudehradun@gmail.com या व्हाट्सएप नंबर – 97 60 26 80 51 पर भेज सकते हैं।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को भारी बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नदियों के जल स्तर की लगातार निगरानी करने और भूस्खलन व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के भी निर्देश दिए। लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी पूरी टीम के साथ लगातार ग्राउंड ज़ीरो पर रहें। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में वर्चुअल बैठक में अतिवृष्टि के कारण सड़कों, पेयजल और बिजली की लाइनों के बाधित होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र सुचारु करने तथा जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश से फसलों को हुई क्षति का शीघ्र

आकलन करने और ग्रामीण संपर्क मार्गों के बाधित होने की स्थिति में लोगों के आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा।

**मौसम**

प्रदेश के कई हिस्सों में रुक–रुक बारिश का दौर जारी है। बारिश से राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। संबंधित प्रशासन द्वारा नदियों के किनारे सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क किया जा रहा है। देहरादून के ठाकुरपुर के पास आज एसडीआरएफ की टीम ने नदी की तेज धाराओं में फंसे तीन लोगों को रेस्क्यू कर सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में कई सड़क मार्ग भूस्खलन के कारण बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश और भूस्खलन से प्रदेश में 100 से अधिक सड़कें बाधित हैं। पौड़ी जिले के कोटद्वार में सिद्धबली के पास आज एक वाहन पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को बेस अस्पताल कोटद्वार में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का रेड अलर्ट, जबकि हरिद्वार, नैनीताल और चम्पावत जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेज बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को बारिश के बाद अवस्थापना विकास से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज प्राप्त करने वाले लोगों और ऐसे कार्ड बनाने में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को अपने–अपने जिलों के शासकीय अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी समय–समय पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेंगे। श्री धामी ने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' की दिशा में नियमित प्रयास करने की बात भी कही।

## राशन कार्ड निरस्त

नैनीताल जिले के हल्द्वानी, हल्दूचौड़ और लालकुआं क्षेत्र में ई–केवाईसी न कराने पर क्षेत्रीय खाद्य विभाग ने करीब 10 हजार राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत केंद्र सरकार पात्र परिवारों को सस्ती दरों पर और अंत्योदय योजना के तहत निःशुल्क गेहूं और चावल देती है। साथ ही नमक मात्र आठ रुपये प्रति किलो की दर से मिलता है। लेकिन ई–केवाईसी अनिवार्यता के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने इसे पूरा नहीं किया, जिसके चलते विभाग ने इन कार्डों को सॉफ्टवेयर से हटा दिया। पूर्ति विभाग के अनुसार, अब लोग तेजी से ई–केवाईसी करा रहे हैं। रामपुर रोड स्थित खाद्य व आपूर्ति विभाग में प्रतिदिन 30 से 40 लोग ई–केवाईसी कराने पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी दिव्या पांडे ने बताया कि कार्ड निरस्तीकरण के बाद विभाग लगातार अपील कर रहा है कि सभी पात्र लाभार्थी जल्द से जल्द ई–केवाईसी करवाएं, ताकि उन्हें पुनः योजना का लाभ मिल सके।

## सोबन सिंह जीना जयंती

महान विभूति स्वर्गीय सोबन सिंह जीना की 116वीं जयंती सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर, अल्मोड़ा में समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट सहित अन्य लोगों ने स्वर्गीय जीना के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की आवश्यकता और इसके सामाजिक–राजनीतिक पहलुओं पर अपने विचार रखे। कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि स्वर्गीय सोबन सिंह जीना ने अपने जीवन में नैतिक मूल्यों के कई उदाहरण हमारे समाज और विद्यार्थियों के लिए आदर्श के रूप में स्थापित किए।

## **निर्वाण दिवस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है। आज हरिद्वार में श्री ब्रह्म निवास आश्रम में 50वें निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सतगुरू लाल दास महाराज ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देते हुए समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऋषिकेश–हरिद्वार कॉरिडोर

का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है। इसके बन जाने से धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की तरह अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो—बीआईएस, देहरादून की ओर से आज चमोली के जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, गोपेश्वर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला स्तरीय अधिकारियों और विभागीय कार्मिकों को भारतीय मानकों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को भवन निर्माण, सड़क निर्माण, खाद्य सुरक्षा, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य सार्वजनिक हित से जुड़े क्षेत्रों में बीआईएस मानकों की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने सभी विभागों से आग्रह किया कि वे विभागीय क्रय प्रक्रियाओं में आई.एस.आई मार्क वाले उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे गुणवत्ता युक्त और सुरक्षित सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।